भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : *180
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 13 मार्च, 2023
22 फाल्गुन, 1944 (शक)

कांगड़ा और चंबा में प्राचीन स्मारकों पर खर्च की गई राशि

***180. श्री किशन कपूर:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश के प्राचीन स्मारकों के रख-रखाव के लिए केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और चंबा जिलों में प्राचीन स्मारकों के रख-रखाव पर कितनी धनराशि खर्च की गई है ?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

लोक सभा में दिनांक 13.03.2023 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 180 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): संस्कृति मंत्रालय के संबंद्ध कार्यालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा कार्यान्वित ऐसी कोई स्कीम नहीं है, तथापि, केंद्रीय संरक्षित स्मारकों का संरक्षण और अनुरक्षण जोकि एक सतत् प्रक्रिया है, को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा इस प्रयोजनार्थ आवंटित निधियों से किया जाता है।

(ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और चंबा जिलों में प्राचीन स्मारकों के रख-रखाव पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा इस प्रकार है:

(करोड़ रू. में)

जिला	2019-20	2020-21	2021-22
चंबा	0.49	0.26	0.20
कांगड़ा	0.22	0.35	0.19

*****